नामांक Roll No.

Question Booklet No.

No. of Questions – 18

No. of Printed Pages – 12 + World Map + India Map

SS-14-Geog.

उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

भूगोल

GEOGRAPHY

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 56

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.
2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
   All the questions are compulsory.
3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
   Write the answer to each question in the given answer-book only.
4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।
   For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.
5) प्रश्न-पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि / अंतर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।
   If there is any error / difference / contradiction in Hindi and English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.
6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
   Write down the serial number of the question before attempting it.

7) प्रश्न क्रमांक **17** से **18** मानचित्र कार्य से संबंधित हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है ।
Question No. **17** to **18** are related to map-work carrying **2** marks each.

8) विश्व एवं भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा-मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।
Attach the given outline maps of World and India with the answer-book.

खण्ड – अ

SECTION – A

1. नीचे दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए (i से xviii) ।

Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer booklet (i to xviii).

i) निम्नलिखित में से कौन-सी विचारधारा पर्यावरणीय निश्चयवाद व संभववाद के बीच मध्य मार्ग को परिलक्षित करती है ? **[½]**

अ) संभववाद ब) निश्चयवाद

स) नव-निश्चयवाद द) आमूलवादी

Which of the following concept reflects the middle path between environmental determinism and possibilism ?

A) Possibilism B) Determinism

C) Neo-determinism D) Radical

ii) सांस्कृतिक भूगोल उपक्षेत्र है **[½]**

अ) सामाजिक भूगोल का ब) नगरीय भूगोल का

स) राजनीतिक भूगोल का द) आर्थिक भूगोल का

Cultural geography is a sub-field of

A) Social geography B) Urban geography

C) Political geography D) Economic geography

iii) जनसंख्या प्रवास का प्रतिकर्ष कारक है [½]

अ) रोजगार
ब) अनुकूल जलवायु
स) शांति व स्थायित्व
द) महामारियाँ

Push factor of population migration is

A) Employment
B) Pleasant climate
C) Peace and stability
D) Natural disasters

iv) उच्चतर जीवन प्रत्याशा कब संभव है ? [½]

अ) उच्च स्वास्थ्य सेवाएँ
ब) सीमित संसाधन
स) निर्धनता
द) शिक्षा की सीमित स्थिति

When is a higher life expectancy possible ?

A) High health services
B) Limited resources
C) Poverty
D) Limited state of education

v) किस वर्ष से प्रति वर्ष संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम मानव विकास प्रतिवेदन प्रकाशित कर रहा है ? [½]

अ) 1985
ब) 1990
स) 1995
द) 2000

Since which year the United Nations Development Programme has been publishing the Human Development Report every year ?

A) 1985
B) 1990
C) 1995
D) 2000

vi) मनुष्य की प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रिया है [½]

अ) आखेट
ब) मत्स्यन
स) कृषि
द) खनन

The oldest known economic activity of man is

A) Hunting
B) Fishing
C) Agriculture
D) Mining

vii) किस कृषि में फसलोत्पादन व पशुपालन दोनों को समान महत्त्व दिया जाता है ? [½]

अ) डेरी　　ब) मिश्रित

स) रोपण　　द) गहन निर्वाह

In which agriculture equal importance is given to both crop production and animal husbandry ?

A) Dairy　　B) Mixed

C) Plantation　　D) Intensive subsistence

viii) उद्योगों में श्रमिकों पर निर्भरता कम क्यों हुई है ? [½]

अ) यंत्रीकरण व स्वचलन

ब) कुशल श्रमिक की अनुपलब्धता

स) सरकारी नीति

द) बाजार तक अभिगम्यता

Why has dependency on labour in industries decreased ?

A) Mechanization and automation

B) Unavailability of skilled workers

C) Government policy

D) Accessibility to the market

ix) किस क्रियाकलाप में उत्पादन और विनिमय दोनों सम्मिलित होते हैं ? [½]

अ) प्राथमिक　　ब) द्वितीयक

स) तृतीयक　　द) चतुर्थक

Which activity involve both production and exchange ?

A) Primary　　B) Secondary

C) Tertiary　　D) Quaternary

x) निम्न में से कहाँ पर सर्वाधिक विस्तृत रेलमार्ग तंत्र पाया जाता है ? [½]

अ) यूरोप　　ब) उत्तरी अमेरिका

स) दक्षिण अमेरिका　　द) एशिया

Where among the following is the most extensive railway network found ?

A) Europe　　B) North America

C) South America　　D) Asia

xi) प्राचीन समय से ही कौन–से देश के कालीन प्रसिद्ध रहे हैं ? [½]

अ) ईरान　　ब) चीन

स) भारत　　द) इंडोनेशिया

Which country's carpets have been famous since ancient times ?

A) Iran　　B) China

C) India　　D) Indonesia

xii) ''स्वर्ण कॉलर'' कहलाने वाला व्यवसाय है [½]

अ) पंचम　　ब) द्वितीयक

स) तृतीयक　　द) चतुर्थक

Occupations that are called "Gold Collar"

A) Quinary　　B) Secondary

C) Tertiary　　D) Quaternary

xiii) भारत की प्रथम सम्पूर्ण जनगणना कब संपन्न हुई थी ? [½]

अ) 1872　　ब) 1881

स) 1811　　द) 1821

When was the first complete census of India completed ?

A) 1872　　B) 1881

C) 1811　　D) 1821

xiv) यदि किसी देश में जन्म दर और मृत्यु दर दोनों ऊँचे हैं, तो वहाँ की जनसंख्या वृद्धि दर क्या होगी ? [½]

अ) निम्न

ब) उच्च

स) पहले घटेगी फिर बढ़ेगी

द) पहले बढ़ेगी फिर घटेगी

What will be the population growth rate of a country if both the birth rate and death rate are high there ?

A) Low

B) High

C) First decreases and then increases

D) First increases and then decreases

xv) ''स्मार्ट सिटी मिशन'' के उद्देश्यों के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है ? [½]

अ) शहरों व गाँवों दोनों का समान विकास

ब) आधारभूत सुविधा व बेहतर नागरिक जीवन

स) संसाधनों का अत्यधिक दोहन

द) महँगी सुविधाएँ उपलब्ध कराना

Which statement is true with reference to the objectives of "Smart City Mission" ?

A) Equal development of both cities and villages

B) Basic amenities and better civic life

C) Over exploitation of resources

D) Providing expensive facilities

xvi) कौन-सा रेल मंडल व उसका मुख्यालय सही सुमेलित है ? [½]

अ) पूर्वी - कोलकाता   ब) उत्तरी - जम्मू

स) दक्षिणी - हुबली   द) पश्चिमी - जयपुर

Which railway division and its headquarters are correctly matched ?

A) Eastern – Kolkata   B) Northern – Jammu

C) Southern – Hubli   D) Western – Jaipur

xvii) भारत में सबसे बड़ा सरकारी उपक्रम है [½]

अ) रेलवे   ब) सेल

स) भेल   द) एयर इंडिया

The largest government undertaking in India is

A) Railway   B) SAIL

C) BHEL   D) Air India

xviii) भू-निम्नीकरण है [½]

अ) भूमि का धँसना   ब) मृदा की उत्पादकता बढ़ना

स) अधिकाधिक फसलोत्पादन   द) भूमि की गुणवत्ता में कमी

Land degradation is

A) Subsidence of land   B) Increasing soil productivity

C) Increasing crop production   D) Decreased quality of land

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (i से x) ।
Fill in the blanks (i to x).

i) मनुष्य प्रौद्योगिकी की सहायता से अपने भौतिक पर्यावरण से ____________ करता है । [½]
Human beings ____________ with their physical environment with the help of technology.

ii) नोबेल पुरस्कार विजेता ____________ ने विकास का मुख्य ध्येय स्वतंत्रता में वृद्धि के रूप में देखा हैं । [½]
Nobel Laureate ____________ saw an increase in freedom as the main objective of development.

iii) प्रतिवर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या ____________ कहते हैं । [½]
The number of people living in per square kilometer area is called population ____________.

iv) प्रवासी जो किसी नए स्थान पर जाते हैं ____________ कहलाते हैं । [½]
Migrants who move into a new place are called ____________.

v) व्यापार हेतु अर्थव्यवस्थाओं को खोलने का कार्य ____________ के रूप में जाना जाता है । [½]
The act of opening up economies for trading is known as ___________.

vi) परिवहन में क्रान्ति अठारहवीं शताब्दी में __________ के आविष्कार के बाद आई । [½]
The revolution in transport came after the invention of the __________ in the 18th century.

vii) बड़े अधिवास जो द्वितीयक और तृतीयक क्रियाकलापों में विशेषीकृत होते हैं __________ बस्तियाँ कहलाती हैं । [½]
Larger settlements, specialising in secondary and tertiary activities are termed as __________ settlements.

viii) वर्ष 2011 में भारत में नगरीकरण का स्तर __________ प्रतिशत था । [½]
The level of urbanisation in India in 2011 was __________ percent.

ix) जमशेदपुर __________ नगर का उदाहरण है । [½]
Jamshedpur is an example of __________ town.

x) ब्रॉड गेज में रेल पटरियों के बीच की दूरी __________ मीटर होती है । [½]
The distance between railway track in broad gauge is __________ metre.

3. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।)

Very Short Answer Type Questions : (Answer in **one** word or **one** line.)

i) जनसंख्या संक्रमण की द्वितीय अवस्था में प्रजननशीलता व मृत्युदर की क्या स्थिति होती है ? **[1]**

What is the status of fertility and mortality in the second stage of population transition.

ii) जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं ? **[1]**

What is population growth ?

iii) फेज़ेंडा क्या है ? **[1]**

What are Fazendas ?

iv) स्वच्छंद उद्योग व्यापक विविधता वाले स्थानों पर विकसित होते हैं । क्यों ? **[1]**

Footloose industries develop in places with wide variety. Why ?

v) क्या कारण है कि पिछले कुछ दशकों में भारत में कृषि सेक्टर के श्रमिकों के अनुपात में उतार दिखाई दिया है ? **[1]**

What is the reason that the proportion of workers in the agricultural sector has shown a decline in India in last few decades ?

vi) भारत के उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में जनसंख्या संकेन्द्रण अधिक क्यों है ? **[1]**

Why is the population concentration high in the northern plains of India ?

vii) किन्हीं दो अधात्विक ऊर्जा संसाधनों का नाम लिखिए । **[½+½=1]**

Name any two non-metallic energy resources.

viii) भारत का विशालतम कंटेनर पत्तन कौन-सा है ? **[1]**

Which is the largest container port of India ?

ix) किन्हीं दो सर्वाधिक जल प्रदूषक उद्योगों के नाम लिखिए । **[½+½=1]**

Write names of any two major water polluting industries.

खण्ड – ब

SECTION – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द ।)

Short Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **50** words.)

4. ''तकनीकी विकास के साथ प्रकृति का मानवीकरण हुआ है ।'' समझाइए । **[1½]**

"With technological development, nature has been humanised." Explain.

5. रोपण कृषि की तीन विशेषताएँ लिखिए । **[½×3=1½]**

Write three characteristics of plantation agriculture.

6. ''कुटीर उद्योग स्थानीय स्तर पर पारिवारिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है ।'' विश्लेषण कीजिए । **[1½]**

"Cottage industry is a powerful means of strengthening the family economy on local level." Analyze.

7. ''यात्रा विराम पत्तन'' का महत्व लिखिए । **[1½]**

Write the importance of "Ports of call".

8. ''वर्तमान जल संरक्षण ही भविष्य की जल उपलब्धता की कुंजी है ।'' समझाइए । **[1½]**

"Water conservation in present time is the key to future water availability". Explain.

9. भारत की उत्तरी पश्चिमी खनिज पेटी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **[1½]**

Write a short note on the North-western mineral belt of India.

10. किसी भी पत्तन के पृष्ठ प्रदेश की सीमाओं का चिह्नांकन मुश्किल क्यों होता है ? **[1½]**

Why is it difficult to mark the boundary of hinterland of a port ?

11. गंदी बस्तियों की सामान्य विशेषताएँ क्या होती है ? **[1½]**

What are the common characteristics of slums ?

खण्ड – स

SECTION – C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द ।)

Long Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **100** words.)

12. छोटे पैमाने के उद्योगों व बड़े पैमाने के उद्योगों की तुलना कीजिए । **[1½+1½=3]**

Compare small scale industries and large scale industries.

अथवा/OR

कच्चे माल पर आधारित किन्हीं दो उद्योगों का वर्णन कीजिए ।

Describe any two industries based on raw materials.

13. एक उत्तरदायी नागरिक के रूप में आप देश के विकास हेतु सतत् विकास को अपनाने के समर्थन में क्या तर्क देंगे ? विस्तार से समझाइए । **[3]**

As a responsible citizen, what arguments would you give in support of adopting sustainable development for the development of the country. Explain it in detail.

अथवा/OR

''राजस्थान जैसे उष्ण, शुष्क परिस्थिति वाले क्षेत्र के समुचित विकास हेतु सूखा संभाव्य क्षेत्र विकास कार्यक्रम अमृत समान है ।'' विस्तृत टिप्पणी लिखिए ।

"The Drought Prone Area Development Programme is like nectar for the proper development of a hot, dry region like Rajasthan". Write a detailed note.

14. शुष्क भूमि कृषि तथा आर्द्र भूमि कृषि की तुलना कीजिए । **[1½+1½=3]**

Compare dryland agriculture and wetland agriculture.

अथवा/OR

सिंचित कृषि तथा बारानी कृषि की तुलना कीजिए ।

Compare irrigated agriculture and rainfed (barani) agriculture.

खण्ड – द
SECTION – D

निबंधात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **150** शब्द ।)

Essay Type Questions : (Answer word limit approx. **150** words.)

15. ''डेरी कृषि का विकास नगरीय केन्द्रों के समीप ही किया जाता है ।'' क्यों ? समझाइए । **[4]**

"Dairy farming is developed near urban centres." Why ? Explain.

अथवा/OR

भूमध्यसागरीय कृषि की विशेषताएँ बताइए ।

Write characteristics of mediterranean agriculture.

16. अपरम्परागत ऊर्जा स्रोत ना केवल मनुष्य बल्कि पर्यावरण के लिए भी हित साधक है । इस कथन के संदर्भ में भारत के सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा संसाधनों का वर्णन कीजिए । **[2+2=4]**

Non-conventional energy sources are beneficial not only for humans but also for environment. In the context of this statement describe the solar energy and wind energy resources of India.

अथवा/OR

भारत में कोयला व पेट्रोलियम का उत्पादन व वितरण बताइए ।

Describe the production and distribution of coal and petroleum in India.

खण्ड – य

SECTION – E

17. दिए गए विश्व के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित बन्दरगाहों को अंकित कीजिए । **[4×½=2]**

(अ) सिडनी

(ब) शंघाई

(स) न्यूयार्क

(द) मुंबई

Mark the following ports on the given outline map of the world.

(A) Sydney

(B) Shanghai

(C) New York

(D) Mumbai

18. दिए गए भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित कोयला खानों को अंकित कीजिए । **[4×½=2]**

(अ) नेवेली

(ब) सिंगरेनी

(स) तलचेर

(द) सिंगरौली

Mark the following coal mines on the given outline map of India.

(A) Neyveli

(B) Singareni

(C) Talcher

(D) Singarauli

नामांक Roll No.

SS-14-Geog.

उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

भूगोल

GEOGRAPHY



यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE

नामांक Roll No.

SS-14-Geog.

उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

भूगोल

GEOGRAPHY



यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE